http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 42

प्रयागराज रविवार 27 अक्टूबर 2024

पृष्ठः– 4, मूल्यः– एक रूपया

# गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर : योगी

**● शानदार करियर बनाने का भी सशक्त माध्यम है खेल**
**● खेलों और खिलाड़ियों के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही डबल इंजन सरकार**
**● ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता यूपी के खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपये देने की व्यवस्था**



गोरखपुर,एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक ऐलान से गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार को रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को तराशने की। हमारे रोइंग खिलाड़ी ओलंपिक और अन्य वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग कर मेडल जीत सकते हैं। रोइंग में प्रतिभाओं को तराशने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर खोलने के लिए रामगढ़ताल के पास बने वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेस देगी। साथ ही सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग देगी। सीएम योगी ने एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अन्य रोइंग स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों लक्ष्मण अवार्डी और देवरिया के युवा कल्याण अधिकारी पुनीत बालियान, लक्ष्मण अवॉर्डी कुदरत अली, बुलंदशहर निवासी अरविंद सिंह, सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद आजाद, हापुड़ निवासी लोकेश कुमार और संतकबीरनगर निवासी राजेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि रोइंग के इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के साथ अब शानदार करियर बनाने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाकर ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में सीधी नौकरी देने का शासनादेश जारी कर रखा है। टोक्यो ओलंपिक में पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय को यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी की नौकरी दी गई है। इस बार के ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी राजकुमार पाल को भी नौकरी देने की घोषणा की आज चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार खेलों को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया, सांसद खेल स्पर्धा, फिट इंडिया मूवमेंट आदि से देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत युद्ध स्तर पर प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में खेल मैदान व ओपन जिम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम और जिला स्तर पर स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश के पहले और विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से ओलंपिक एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता को 6 करोड़, रजत पदक विजेता को 4 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 2 करोड़ रुपये देने की व्यवस्था तय की गई है। ओलंपिक की टीम स्पर्धा में यह राशि क्रमशः 3, 2 व 1 करोड़ रुपये है। ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता को 3 करोड़, रजत पदक विजेता को 1.5 करोड़ तथा कांस्य पदक विजेता को 75 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। कामनवेल्थ खेल तथा विश्व चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को 1.5 करोड़, रजत पदक विजेता को 75 लाख व कांस्य पदक विजेता को 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसी तरह सैफ और नेशनल गेम्स में भी विजेताओं को नकद राशि से पुरस्कृत किया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि पुराने खिलाड़ियों को सरकार कोच के रूप में नियुक्त कर उन्हें प्रतिमाह डेढ़ लाख रुपये मानदेय दे रही है। पदम् पुरस्कार करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए सरकार की तरफ से प्रतिमाह 20 हजार रुपये वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही अशक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 10 हजार रुपये, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 6 हजार तथा राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 140 खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता दी गई है।रामगढ़ताल में दूसरी बार रोइंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन से प्रसन्न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह उनके लिए अतिरिक्त प्रसन्नता का क्षण है। 10 वर्ष पूर्व जो रामगढ़ताल पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपराध का गढ़ था वह आज प्रभु राम की कृपा से आकर्षण और जल क्रीड़ा की प्रतियोगिताओं का गढ़ बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही वास्तविक परिवर्तन होता है। रामगढ़ताल पर्यटन के साथ खेल का भी बेहतरीन डेस्टिनेशन बन गया है।इसके आसपास कई होटल खुल चुके हैं, ताल में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमारी सकारात्मक ऊर्जा समाज और राष्ट्र के उत्थान में लगती है।

# महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ेगी आप

**● इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे अरविंद केजरीवाल**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल महाराष्ट्र में इंडिया ब्लॉक उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। केजरीवाल उन विधानसभा सीटों पर प्रचार करेंगे जहां आप का स्वयंसेवक आधार है और जहां एमवीए उम्मीदवारों की कोई विवादास्पद पृष्ठभूमि नहीं है। आम आदमी पार्टी महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। इसके बजाय, पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के लिए प्रचार करेंगे, आप नेता संजय सिंह ने शनिवार को कहा। एमवीए गठबंधन में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार की एनसीपी–एसपी और कांग्रेस शामिल हैं। राज्यसभा सांसद सिंह ने एक्सक्लूसिव बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एमवीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ेगी। आप और एमवीए घटक भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) का हिस्सा हैं, जिसका गठन 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा से मुकाबला करने के लिए किया गया था। आप ने लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में इंडिया ब्लॉक के सबसे बड़े घटक कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। हालांकि, इसने पंजाब में अपने दम पर चुनाव लड़ा। इसने हरियाणा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा और अपना खाता खोलने में विफल रही। कांग्रेस महाराष्ट्र में एमवीए का घटक और झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा भी है। इससे पहले पार्टी सूत्रों ने कहा था, ''शिवसेना–यूबीटी और एनसीपी–एसपी ने महाराष्ट्र में प्रचार करने के लिए अरविंद केजरीवाल के लिए आम आदमी पार्टी से संपर्क किया है।

## अहमदाबाद पुलिस ने 48 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया

अहमदाबाद, एजेंसी। अहमदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने शहर के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे 48 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन बांग्लादेशी नागरिकों को स्वदेश वापस भेज दिया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कार्रवाई दो मामलों के उजागर होने के कुछ सप्ताह बाद की गई, जिनमें फर्जी पहचान बनाने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था और बांग्लादेश से मानव तस्करी के तहत महिलाओं को भारत लाया गया था तथा यहां वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त भरत पटेल ने बताया कि इन दो मामलों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, ''इसके बाद हमने कई स्थानों पर छापे मारे और करीब 250 बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ की। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पाया गया कि 48 लोग पिछले कुछ वर्षों से बिना किसी वैध दस्तावेज के शहर में अवैध रूप से रह रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि आठ महिलाओं और छह नाबालिगों सहित अवैध प्रवासियों को चंदोला झील, दानी लिमडा, शाह–ए–आलम और कुबेरनगर जैसे क्षेत्रों से पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के बारे में सूचना मिलने के बाद कई बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में लिए जाने के डर से बस्ती छोड़कर भाग गए।



# अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त ममता बनर्जी

**● पुलिस को दिए बड़े निर्देश, कहा– मैं सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती**



कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस से राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया था कि कुछ बदमाश आगामी काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा समारोहों के दौरान अशांति पैदा करने की योजना बना रहे हैं। हालाँकि उन्होंने इसमें शामिल लोगों की पहचान उजागर नहीं करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने खुफिया प्रयासों को मजबूत करने और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की मौजूदगी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी उत्सव के माहौल का फायदा उठाकर अशांति पैदा न कर सके। चक्रवात दाना से प्रभावित सात जिलों में स्थिति का आकलन करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ष्मैं बंगाल में सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती। पुलिस किसी भी उकसावेबाज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, लेकिन मैं मीडिया से आग्रह करती हूं कि इसे सनसनीखेज न बनाएं। कृपया जनता को भड़काने से बचें।ष ओडिशा और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में शुक्रवार को तूफान के गुजर जाने के बाद उड़ानें, रेलगाड़ियां और बस सेवाएं शीघ्र ही बहाल हो गईं, क्योंकि अधिकारी चक्रवात के कारण उत्पन्न व्यवधानों का आकलन करने और उन्हें दूर करने में लगे हुए थे। चक्रवात आधी रात के बाद धामरा और भीतरकनिका के बीच पहुंचा था। बनर्जी ने बंगाल में चक्रवात दाना से संबंधित एक मौत की पुष्टि की और बताया कि लगभग 2.16 लाख लोगों को निचले इलाकों से निकाला गया है। स्थिति की निगरानी करने के लिए वहां रात बिताने के बाद, बनर्जी ने राज्य सचिवालय में एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राहत सामग्री चक्रवात से प्रभावित सभी लोगों तक पहुंचे। बनर्जी ने कहा, ''इस प्राकृतिक आपदा में केवल एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। वह व्यक्ति दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा ब्लॉक में अपने निवास पर कुछ केबल से संबंधित काम करते समय मर गया। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। पोस्टमार्टम जांच से हमें स्पष्ट तस्वीर मिलेगी। यदि आवश्यक हुआ, तो हम (राज्य सरकार) परिवार की मदद करेंगे।''

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र के लिए 23 उम्मीदवार और घोषित किये

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आज 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भुसावल से डॉ राजेश तुकाराम मनवालकर, जलगांव जम्मू से डॉक्टर श्रीमती स्वाति संदीप वाकेकर, अकोट से महेश गंगाने, वर्धा से शेखर प्रमोद बाबू शेंडे, सावनर से श्रीमती अनुजा सुनील केदार, नागपुर दक्षिण से गिरीश कृष्णराव पांडव, कामठी से सुरेश यादवराव भुहेर, भंडारा (सु) से श्रीमती पूजा गणेश थावकर, अर्जुनीमोरगांव (सु) से दिलीप वामन बनसोड, आमगांव (एसटी) से राजकुमार लोटूजी पुरम, रालेगांव से प्रोफेसर वसंत चिंडुजी पूरके, यवतमाल से अनिल बालासाहेब शंकरराव मांगुलकर, अरनी एसटी से जितेंद्र शिवाजीराव मोघे, उमरखेड सु से साहेबराव दत्ताराव कांबले, जलना से कैलाश किशनराव गोरतांत्याल, औरंगाबाद पूर्व से मधुकर कृष्ण राव देशमुख, बसई से विजय गोविंद पाटील, खंडीवली पूर्व से कालू बधेलिया, चारकोप से यशवंतराव जयप्रकाश सिंह सिओम, कोलीवाड़ा से गणेश कुमार यादव, श्रीरामपुर सुरक्षित से हेमंत ओगाले, निलंगा से अभय कुमार सतीश कुमार सालुंके, सिरोल से गणपतराव अप्पाराव पाटिल को चुनाव मैदान में उतारा है।

# अस्पताल में भर्ती हुए दिल्ली भाजपा चीफ वीरेंद्र सचदेवा

**● गुरुवार को यमुना में लगाई थी डुबकी**



नई दिल्ली,(एजेंसी)। यमुना नदी के अत्यधिक प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के करीब दो दिन बाद, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को सांस लेने में कठिनाई और त्वचा पर चकत्ते की शिकायत के बाद शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सचदेवा को राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले, आरएमएल अस्पताल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की और उन्हें तीन दिनों की दवा दी थी। भाजपा नेता ने गुरुवार को यमुना के प्रदूषित पानी में डुबकी लगाई और 2025 तक इसे साफ करने के अपने वादे को पूरा करने में विफलता के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना की। भाजपा ने लोगों को यमुना की दुर्दशा दिखाने और उन्हें 2021 में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए वादे की याद दिलाने के लिए आईटीओ छठ घाट पर आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती केजरीवाल के लिए लाल कालीन बिछाने के साथ–साथ दो कुर्सियाँ रखी गईं। सचदेवा और उनकी पार्टी के नेताओं ने दोनों का इंतजार किया लेकिन वे नहीं आए, फिर सचदेवा प्रदूषित नदी में डुबकी लगाने चले गए। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में 8500 करोड रुपए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को दिए हैं ताकि यमुना की सफाई हो सके लेकिन आज तक यमुना की स्थिति नहीं बदली। इसलिए हम आज केजरीवाल से के सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर वह पैसे कहां गया। सचदेवा ने कहा कि जब रातों–रात शीश महल के टॉयलेट गायब हो जाते हैं तो फिर अरविंद केजरीवाल मां यमुना को कैसे छोड़ेंगे।

सत्ता के नशे ने आम आदमी पार्टी को जहां निरंकुश बना दिया वही भ्रष्टाचारी भी बना दिया दिल्ली की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है लेकिन दिल्ली वासियों की चिंता केजरीवाल को नहीं है।

## वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख संस्थाओं में सुधार की जरूरत : सीतारमण

वाशिंगटन, एजेंसी। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले 80 वर्षों में एक बहुपक्षीय संस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विकास की सराहना करते हुये शनिवार को यहां कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में आईएमएफ सहित प्रमुख वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की आवश्यकता है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आईएफएफ में श्एमडी के वैश्विक नीति एजेंडाश पर आईएमएफसी प्लेनरी सत्र में भाग लिया और गुटो में बटे विश्व के लिए एक सेतु का काम करने के लिए आईएमएफ की सराहना की और कहा कि आईएमएफ की मुख्य योग्यता के साथ–साथ संगठन के भीतर संसाधनों की उपलब्धता का उचित संज्ञान लेने के बाद सदस्यों की जरूरतों के अनुसार अपनी निगरानी, ऋण और क्षमता विकास को तैयार करके भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है; जबकि कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादन अपनी क्षमता के करीब पहुंच रहा है, मुख्य मुद्रास्फीति आम तौर पर कम हुई है और केंद्रीय बैंकों के लक्ष्यों के करीब पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि बढ़ते भू–राजनीतिक तनाव और मध्यम अवधि की वैश्विक विकास संभावनाओं सहित कई नकारात्मक जोखिम हैं, जो उनकी निरंतर कमजोरी के कारण चिंता का विषय हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि एमडी के वैश्विक नीति एजेंडे ने सही ढंग से नरम लैंडिंग हासिल करने और कम विकास–उच्च ऋण पथ से बाहर निकलने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि आईएमएफ की निगरानी और नीति मार्गदर्शन ऋण संकट से जूझ रहे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, हालांकि, आईएमएफ को अपनी नीति में निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि ईएमडीई की आर्थिक बुनियादी बातों को पर्याप्त रूप से ध्यान में रखने के लिए सॉवरेन रेटिंग की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके।



# राष्ट्रपति को अपने बीच पाकर गौरावान्वित हुये आदिवासी



रायपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु को अपने बीच पाकर छत्तीसगढ़ के लोग हमेशा गौरवान्वित होते हैं, विशेष रूप से यहां के जनजातीय समाज स्वयं को बहुत प्रतिष्ठित महसूस कर रहा है। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में आयोजित सरगुजा प्रखण्ड के लोकार्पण और महतारी वंदन की 9 वीं किस्त की राशि के अंतरण के अवसर पर छत्तीसगढ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों के लोग अपनी जीवन–पद्धति, खान–पान, लोक–नृत्य, लोक–संगीत, लोकवाद्यों, कलाओं रीति–रिवाजों, तीज–त्यौहारों, अस्थाओं और अन्य आदिम परंपराओं को सहेज कर रखा है। नर्तक दलों ने अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि जनजातीय समाज के गौरव और आत्मसम्मान को बढ़ाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। जनजातीय समाज का कल्याण करने सरकार प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 'पुरखौती मुक्तांगन' में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने बीच पाकर हमारे छत्तीसगढ के आदिवासी समुदाय के लोगों ने अपनी पहचान नृत्य के माध्यम में प्रस्तुत की। जिला सरगुजा, विकासखण्ड मैनपाट के ग्रमा डांगबुड़ा के नर्तक दल ने सरगुजा संभाग के आदिवासियों के प्रसिद्ध लोकनृत्य करमा का पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में धोती, कुर्ता, पगड़ी, मयूरपंख सहित और महिलाएं साड़ी–ब्लाउज के साथ पैर में घुंघरू पहनकर मांदर और झांझ बजाते हुए नृत्य का प्रदर्शन किए। करमा नृत्य लगभग हर खुशी के अवसर पर किया जाता है। इसी प्रकार दंतेवाडा जिला के विपकासखण्ड गीदम के ग्राम जोड़तराई के नर्तकदल ने गौर नृत्य कर पारंपरिक बस्तर के विभिन्न त्यौहारों के जैसे– अमुस तिहार, नवाखाई आमा पण्डुम, शादी–विवाह आदि में महिलाओं और पुरूषों के द्वारा मिलकर सामुहिक रूप से पारंपरिक तरीके से नृत्य का प्रदर्शन किए। जिला जशपुर के विकासखण्ड कांसाबेल के ग्राम टाटीडांड के नर्तकों ने करमा अपने नृत्य के माध्यम से बताया कि करमा दशहरा के चार दिन बाद गाड़ते हैं, शाम को करम डगाल काटकर गाड़तें हैं और रातभर करमा नृत्य करते हैं।

## चेतावनी

यह दुर्भाग्य है कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में दो प्रमुख पक्ष ——इण्डिया गठबंधन और एन.डी.ए. मतदाताओं का मन्तव्य नहीं समझ रहे हैं । जनता ने भाजपा को नकारा नहीं है, उन्हें बहुमत के करीब पहुंचा कर उन्हें फिर से सरकार बनाने का न्योता दिया है । परन्तु जनता ने बिखरे हुए इण्डिया गठबंधन को भी ताकत दी है ।पिछले दिनों नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वाक आउट किया, यह कहकर कि जब वे बोल रही थीं तो उनका माइक बंद कर दिया गया । अब इसके उत्तर में तुरंत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ममता जी को उनके अनुरोध पर लंच से बोलने का मौका दिया गया और सभी मुख्यमंत्रियों को बोलने का समय निर्धारित था । अब ममता स्वयं एक पार्टिसिपेंट थीं वित्त मंत्री की हैसियत से । वे आयोग की अधिकारी नहीं हैं । आयोग को ही स्पष्टीकरण देना चाहिए । असल में मोदी जी के आने के बाद योजना आयोग (प्लैनिंग कमीशन) को भंग कर दिया गया । भाजपा सुभाष बोस का गुणगान करती है । स्वयं बोस ने कहा था कि आजादी के बाद प्लानिंग कमीशन बनना चाहिए जिसके अध यक्ष नेहरू होंगे । अब नीति का अर्थ है—— श्नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रान्सफॉर्मिंग इण्डियाश । अब इसमें आयोग शब्द कहां से आ गया । और आयोग से सरकार को इतना ही प्यार था तो योजना आयोग को भंग ही क्यों किया गया । आज आप सरकार की नीति पर कोई टिप्पणी करें तो आप देशद्रोही हैं । हमारे शास्त्रोंमें नेति, नेति का उल्लेख है अर्थात् हम नकारते हुए सत्य तक पहुंचते हैं ।

योजना आयोग और नीति का उद्देश्य देश में संतुलित विकास है ताकि सभी राज्य तरक्की कर सकें । अब बजट में जो पिटारा बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खोला गया है, वह तो स्पष्ट रूप से एन.डी.ए. को साधना ही है । इसमें कोई बुराई भी नहीं है क्योंकि सरकार की स्थिरता देश के लिए परम आवश्यक है । असल में भाजपा अपने शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से तो मंत्रणा होती ही रहती है । असल में भाजपा राज्यों में अधोसंरचना का विकास केन्द्र की सहमति से ही तय होता है । अतरू अच्छा हो कि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकारें हैं और उनसे प्रधानमंत्री की मंत्रणा नहीं होती उन्हें बोलने का अधिक समय दिया जाये ।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष—आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष —आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन —आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल—मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क —दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म—कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह —आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात—निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या —आज के दिन आपको सुख—समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं ।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ—बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता—पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# हिन्दुओं पर ईश निंदा कानून का खतरा

पाकिस्तान ब्यूरो आफ स्टेटिस्टिक(पीबीएस) ने पिछले दिनों आंकड़े जारी कर बताया कि पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी बढ़ गई है। इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 35 लाख थी जो 2023 में बढ़कर 38 लाख तक पहुंच गई।

समझना होगा कि पाकिस्तान के हिन्दू बाहुल्य रेगिस्तानी इलाकों में कभी सलीके से जनगणना होती ही नहीं है, फिर वहां सिखों को अलग से गिना जाता है। सरकार की आंकड़ों को अब पाकिस्तान में निर्वाचित हिन्दू नेता ही फर्जी बता रहे हैं। समझना होगा कि एक तो पाकिस्तान में हिन्दू लड़कियों के जबरन अपरहण और धर्म परिवर्तन पर कभी कड़ी कार्रवाई होती नहीं, दूसरा वहां सरकार भी नहीं चाहती कि अल्पसंख्यकों की वास्तविक संख्या दिखाई जाए। उमरकोट के आसपास सैकड़ा भर गांव हिन्दू बाहुल्य हैं, और वहां सड़क, पानी, स्कूल जैसी सुविधाएं हैं नहीं।



पाकिस्तान के बड़े संगठनों, पाकिस्तान हिन्दू काउंसिल के चेयरमैन डॉ. रमेश कुमार वांकवानी और मुतहिदा राष्ट्रीय मूवमेंट की प्रांतीय असेंबली सदस्य डॉ. मंगला शर्मा इन आंकड़ों को झूठ बताते हुए दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं कि सरकारी रिकार्ड में 2017 में हिन्दुओं की आबादी 44 लाख 44 हजार 870 गिनी गई थी। असलियत में आज आबादी एक करोड़ से अधिक है। अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार और भेदभाव पर पर्दा डालने के लिए इस तरह के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं। पीबीसी के आंकड़े तो ईसाइयों की आबादी में सात लाख की बढ़ोतरी बता कर उनकी संख्या 33 लाख पहुंचने का दावा कर रहे हैं। वहां पारसी महज 2348 रह गए लेकिन सिखों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में 1951 में 1.60 फीसद हिन्दू आबादी थी। 1961 में 1.45 फीसद, 72 में 1.11, 1981 में 1. 85 और 2017 में 1. 73 फीसद हिन्दू आबादी थी। इस साल यह आंकड़ा घट कर 1. 61 फीसद रह गया है। चूंकि बड़ी संख्या में हिंदुओं के पास राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईसी) है ही नहीं, सो उनकी गणना होती नहीं वरना यह आंकड़ा एक करोड़ से अधिक होगा। देश में सबसे ज्यादा हिन्दू सिंध में, कुल आबादी का 8.73 फीसद हैं। पंजाब राज्य में 0.19, खैबर पख्तुन्बा में 0.02, बलोचिस्तान में 0.40 और इस्लामाबाद में 0.04 फीसद हिन्दू आबादी का सरकारी आंकड़ा है। राजस्थान से सटे थारपारकर जिले में सात लाख 14 हजार 698 हिन्दू रहते हैं, तो मीरपुरखास में पांच लाख के करीब, सग्घर में चार लाख 46 हजार हैं तो बदिन, हैदराबाद, टंडो मुहम्मद खान और रहीम यार खान जिलों में एक से डेढ़ लाख हिन्दू रहते हैं। यहां उमरकोट जिले की आबादी का 52.15 फीसद हिन्दू हैं और यहां के राजपूत शासक बड़े ताकतवर हैं। हिन्दू बाहुल्य इलाकों से भी कभी हिन्दू सांसद या विधायक चुने नहीं जाते क्योंकि इस आबादी के नाम ही वोटर लिस्ट में होते नहीं या उनके वोट और कोई डालता है।

पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून बनते हैं लेकिन कट्टरपंथी जमात के विरोध के चलते ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। दो साल पहले वहां 18 साल से कम के लोगों के धर्म परिवर्तन पर पाबंदी का कानून आया लेकिन मुल्ला— मौलवियों के विरोध के चलते वापस ले लिया गया। वहां धर्म परिवर्तन को ाब अर्थात पुण्य का काम कहा जाता है और इस्लामिक कानून के तहत ऐसी पाबंदी धर्म विरोधी कह कर गवर्नर ने कानून रद्द कर दिया था ।पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की बीते साल की रिपोर्ट बेशर्मी से स्वीकार करती है कि देश में हर साल अल्पसंख्यक समुदाय की कोई एक हजार लड़कियों का धर्म परिवर्तन करवाया जाता है और ये 12 से 25 साल उम्र की होती हैं। 2004 से 2018 के बीच अकेले सिंध प्रांत में 7430 हिन्दू लड़कियों के अपरहण के मामले दर्ज किए गए, कहने की जरूरत नहीं कि वहां बड़ी संख्या में मामले थाना पुलिस तक जाते ही नहीं हैं। चूंकि सिंध के बड़े जागीरदारों के यहां अधिकांश हिन्दू मजदुर हैं, और वह भी तीन—तीन पीढियों से लगभग बंधुआ मजदुर की तरह, सो उनकी कोई आवाज नहीं होती। कराची शहर में हिन्दू आबादी डॉक्टर जैसे पेशे में सर्वाधिक है, तो सब्जी बेचने वाले भी अधिकांश हिन्दू हैं।

पाकिस्तान का शिक्षा तंत्र सबसे जहरीला है, स्कूली किताबों में हिन्दुओं को खलनायक बताया जाता है और आजादी की लड़ाई में मुस्लिम लीग और कांग्रेस की भूमिका को हिन्दू—मुस्लिम टकराव, वहां की किताबों में देश के हिन्दुओं की वफादारी को भारत के साथ जोड़ा जाता है, वहां किसी भी किताब में किसी हिन्दू चरित्र की तारीफ की ही नहीं जाती। पाकिस्तान के संविधान के आर्टकिल 20—22 में धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख था लेकिन जुलाई, 1977 में जिया उल हक ने देश में मार्शल लॉ घोषित किया और संविधान में बदलाव कर गैर—मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता पर कई पाबंदियां लगा दीं, पाकिस्तान में राष्ट्रपति मुस्लिम ही बन सकता है और सभी उच्च पदों पर मुस्लिम आयतों के साथ शपथ लेना अनिवार्य है। इसके कारण वहां हिन्दुओं को सदैव दोयम माना जाता है।

पाकिस्तान में हिन्दुओं पर सबसे बड़ा खतरा वहां का ईश निंदा कानून है जिसकी आड़ में भीड़ हिंसा में किसी को भी मार देने पर कोई खास कार्यवाही नहीं होती। हिन्दू या सनातन धर्म का कम से कम तीन हजार साल पुराना अतीत सरहद पार है—मोईन जोद्रो या हड़प्पा के रूप में और हिंगलाज और कटासराज मंदिर सहित कई प्राचीन इमारतों के रूप में, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान बनते समय मुहम्मद अली जिन्ना ने वहां धार्मिक आजादी की बात की थी लेकिन अब पाकिस्तान श्जिन्ना के पाकिस्तान से जेहाद के पाकिस्तानन्न में तब्दील हो गया है और इसका सबसे बड़ा खमियाजा हिन्दू आबादी को उठा पड़ रहा है। जनगणना के त्रुटिपूर्ण आंकड़े एक तरफ धर्मातरण के पाप को ढंकने के काम आते हैं, तो दूसरी तरफ जिस आबादी का रिकार्ड नहीं उसके लिए मूलभूत सुविध ााओं की चिंता करने की जरूरत नहीं रह जाती। भारत में नागरिकता कानून आने के बाद वहां से पलायन तेजी से हुआ है और शायद वहां की सरकार चाहती भी यही है लेकिन यह अनिवार्य है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान में हिन्दू धर्म और उससे जुड़े चिह्नों को सहेजने, हिन्दू आबादी को शैक्षिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए पाकिस्तान सरकार पर दबाव बनाए।

# बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप

विनीत नारायण

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा काफी सराहनीय रही है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नोक—झोंक का चलना सामान्य व स्वाभाविक बात है।

लेकिन इस नोक—झोंक की सार्थकता तभी है जब वक्ताओं द्वारा मर्यादा में रह कर बात रखी जाए। जब तक संसदीय कार्यवाही का टीवी पर प्रसारण नहीं होता था, तब तक देश की जनता को पता ही नहीं चलता था कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि संसद में कैसा व्यवहार कर रहे हैं? यह भी नहीं पता चलता था कि वे संसद में किन मुद्दों को उठा रहे हैं? अक्सर ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब सांसदों ने आर्थिक लाभ की एवज में बड़े औद्योगिक घरानों के हित में सवाल पूछे। वरिष्ठ पत्रकार ए सूर्यप्रकाश ने तीस वर्ष पहले ऐसे लेखों की श्रृंखला छापी थी जिसमें सांसदों के आचरण का खुलासा हुआ और देश ने पहली बार जाना, श्संसद में सवाल बिकते हैंय। पर जब से टीवी पर संसदीय कार्यवाही का प्रसारण होने लगा तब से देशवासियों को भी देखने को मिला कि सांसद सदन में कैसा व्यवहार करते हैं।



बिना अतिश्योक्ति के कहा जा सकता है कि कुछ सांसद जिस भाषा का प्रयोग करने लगे हैं, उसने शालीनता की सीमाएं लांघ दी हैं। शोर—शराबा तो आम बात है। संसद में हुड़दंग भारत में ही देखने को नहीं मिलता। अनेक देशों से वीडियो आते रहते हैं, जिनमें सांसद हाथापाई करने और एक दूसरे पर कुर्सयिां और माइक फेंकने तक में संकोच नहीं करते। सोचने वाली बात यह भी है कि भारतीय संसद की कार्यवाही पर देश की गरीब जनता का अरबों रुपया खर्च होता है। आकलन है कि संसद चलने का प्रति मिनट खर्च ढाई लाख रुपये से थोड़ा अधिक आता है। इसका सदुपयोग तब हो जब गंभीर चर्चा करके जनता की समस्याओं के हल निकाले जाएं। हमारी लोक सभा का इतिहास रहा है कि लोक सभा के अध्यक्षों ने यथासंभव निष्पक्षता से सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

उल्लेखनीय है कि 15वीं लोक सभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने ही दल के विरुद्ध निर्णय दिए थे जिसका खमियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा। उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया पर उन्होंने अपने पद की मर्यादा से समझौता नहीं किया। लेकिन पिछले दस वर्षो से लोक सभा के वर्तमान अध यक्ष ओम बिरला लगातार विवादों में रहे हैं। उन पर सत्ता पक्ष के प्रति अनुचित झुकाव रखने का आरोप विपक्ष लगातार लगाता रहा है।

17वीं लोक सभा में तो हद ही हो गई जब सत्ता पक्ष के एक सांसद ने विपक्ष के सांसद को सदन की कार्यवाही के बीच अपमानजनक गालियां दीं। अध्यक्ष ने उनसे वैसा कड़ा व्यवहार नहीं किया जैसा वो लगातार विपक्ष के सांसदों के साथ करते आ रहे थे। तब तो और भी हद हो गई जब उन्होंने विपक्ष के 141 सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया। ऐसा आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। हाल में टीवी चर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बातचीत में नामी वकील, सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने बताया, श्देश के संविधान के अनुच्छेद 105, संसद के सदस्यों को संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी परंतु क्या सांसदों को ऐसा करने दिया जाता है?

जबकि इसी अनुच्छेद में या पूरे संविधान में यह कहीं नहीं लिखा है कि किसी भी सांसद का, संसद सदन में, अपनी बारी पर बोलते समय, माइक बंद किया जा सकता है। यह भी कहीं नहीं लिखा है कि किसी सांसद को बोलते समय, यदि वह नियम व मर्यादा के अनुसार बोल रहा हो तो उसे टोका जा सकता। इतना ही नहीं, यह बात भी नहीं लिखी है कि यदि विपक्ष किसी मुद्दे पर सत्ता पक्ष का विरोध करे तो उसे टीवी पर नहीं दिखा सकते। परंतु आजकल ऐसा होता है और यदि लोक सभा अध्यक्ष इस बात को नकार देते हैं कि वे किसी का माइक बंद नहीं करते तो फिर कोई तो है जो माइक को बंद करता है। ऐसा है तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा कौन कर रहा है और किसके निर्देश पर कर रहा है?य

18वीं लोक सभा की शुरुआत ही ऐसी हुई है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और अभिषेक बनर्जी तक अनेक दलों के सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप ही नहीं लगाया, बल्कि अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। ये न सिर्फ लोक सभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के प्रतिकूल है, बल्कि ओम बिरला के निजी सम्मान को भी कम करता है। आवश्यकता इस बात की है कि ओम बिरला मुंशी प्रेमचंद की कालजयी रचना श्पंच परमेश्वरय को गंभीरता से पढ़ें जो शायद उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा के दौरान पढ़ी होगी। कहानी शिक्षा मिलती है कि न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को सगे—संबंधियों का भी लिहाज नहीं करना चाहिए। लोक सभा की सार्थकता और पद की गरिमा के अनुरूप ओम बिरला को किसी सांसद को यह कहने का मौका नहीं देना चाहिए कि उनका व्यवहार पक्षपातपूर्ण है।

# इतना ज्ञान कहां से लाते हो माई-बाप?

संजय पराते

सरकार अब माई—बाप है। वह कानून बनाती है, ताकि आम जनता इसके दायरे में रहे। लेकिन इस कानून को मानना या न मानना, उसकी मर्जी! इन कानूनों में भी इतने चोर दरवाजे जरूर रखे जाते हैं कि समाज का वह प्रभुत्वशाली वर्ग इसका आसानी से उल्लंघन कर सके, जिसके सहारे ये सरकार टिकी होती है। कॉर्पोरेट अडानी और मोदी साय की सरकार के बीच यही रिश्ता है, जो हसदेव के मामले में साफ—साफ दिखता है।

हसदेव के स्थानीय आदिवासी समुदायों के जबरदस्त विरोध और इस विरोध को कमजोर करने के लिए प्रशासन द्वारा खनन प्रभावित गांवों की जबरदस्त घेराबंदी के बीच हसदेव अरण्य वन क्षेत्र में स्थित तीसरे कोयला ब्लॉक केते एक्सटेंशन में उत्खनन शुरू करने के लिए आज जन सुनवाई हो रही है। यह जन सुनवाई भी उस गांव में हो रही है, जो खनन प्रभावित नहीं है और उस पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है, जो वर्ष 2019 की है और पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के अनुसार ही, जिसकी कोई वैधता नहीं है। लेकिन अडानी की सेवा में मोदी—साय राज में कोई नियम—कायदे आड़े नहीं आते।

उल्लेखनीय है कि हसदेव अरण्य के जंगलों को मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाता है, जिसकी देश—दुनिया में जलवायु और पर्यावरण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका है। कॉर्पोरेट लूट के लिए आज ये जंगल अडानी के निशाने पर है और मोदी—साय राज की पूरी ताकत अडानी के साथ खड़ी है।

इसी क्रम में राज्यसभा सांसद संदीप पाठक द्वारा हसदेव अरण्य की कटाई के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के जरिए मोदी सरकार ने यह नया ज्ञान बघारा है कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए हसदेव में पेड़ों की कटाई जरूरी है! इसके साथ ही उन्होंने यह जानकारी भी दी है कि हसदेव में पहले ही 94,460 पेड़ काटे जा चुके हैं, जिसकी एवज में 53,40,586 पेड़ लगाए गए हैं। अब 2,73,757 पेड़ और काटे जायेंगे। (देखें रू दैनिक छत्तीसगढ़, 31 अगस्त 2024) इस प्रकार, हसदेव क्षेत्र में अडानी को कोयला उत्खनन के लिए अनुमति देने के लिए इतनी कसरत की जा रही है कि पर्यावरण संतुलन के लिए ही जंगलों को खतरा बताया जा रहा है। मोदी—साय राज में अडानीपरस्ती का इससे ज्यादा हास्यास्पद उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता।

इन आंकड़ों को वैज्ञानिक शोध के आधार पर आसानी से चुनौती दी जा सकती है। भारतीय वन्य जीव संस्थान के अनुसार, हसदेव के वन क्षेत्र की सघनता प्रति हेक्टेयर 400 हैं। इसके आधार पर सरकार के इस दावे को ठुकराया जा सकता है कि चालू दो कोयला खदानों के लिए केवल 94,460 पेड़ ही काटे गए हैं। लगभग 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले दो खदानों के लिए पेड़ों की कटाई की वास्तविक संख्या 16 लाख तक पहुंचती है, जबकि मोदी सरकार केवल 6त्न पेड़ों की कटाई की बात ही स्वीकार कर रही है। इसी प्रकार, प्रस्तावित केते एक्सटेंशन परियोजना लगभग 1750 हेक्टेयर वन क्षेत्र में फैली हुई है, जहां पेड़ों की संख्या का वास्तविक अनुमान 7 लाख है, लेकिन सरकार केवल 2,73,757 (39. 11त्न) पेड़ों की कटाई की ही घोषणा कर रही है। स्पष्ट है कि वास्तविक वन विनाश को छुपाने के लिए ही पेड़ों की कटाई के फर्जी आंकड़े पेश किए जा रहे हैं।

इस वन विनाश की भरपाई के लिए वृक्षारोपण के नाम पर दिए जा रहे आंकड़े भी इतने ही फर्जी है। वैज्ञानिक तरीके से एक एकड़ में अधि ाकतम 2000 पौधों का रोपण हो सकता है। पीईकेबी खदान के लिए पेड़ों की कटाई से हुए नुकसान के लिए जिन 53.40 लाख से अधिक पौधों को लगाने का दावा किया जा रहा है, उसके लिए न्यूनतम 2670 एकड़ (लगभग 1,168 हेक्टेयर) भूमि की जरूरत होगी। ये पेड़ कहां लगे हैं, खनन प्रभावित लोगों को नहीं मालूम। मोदी सरकार बताने के लिए तैयार नहीं, ताकि कोई स्वतंत्र एजेंसी सरकार के इस दावे की जांच पड़ताल कर सके! पौधारोपण के इसी अनुपात का पालन किया जाएं, तो केते एक्सटेंशन के लिए पेड़ों की कटाई से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई के लिए इस सरकार को 1.55 करोड़ पौधे लगाने होंगे। इसके लिए कम से कम 7750 एकड़ भूमि (लगभग 3100 हेक्टेयर) की जरूरत पड़ेगी। यह भूमि कहां से आयेगी, इस पर भी सरकार मौन है। कथित वृक्षारोपण का पूरा मामला एक बड़ा गड़बड़झाला है।

वैसे इस सरकार को इतना भी ज्ञान नहीं है कि पेड़ नहीं, बल्कि पौध ाों का रोपण होता है, जो सही देखभाल के साथ दसियों साल बाद युवा होकर फल—फूल देने वाले पेड़ बनते हैं। वन क्षेत्र प्राकृतिक होते है और इसके आधार पर बनने वाली जैव—विविधता और पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करती है। कथित वृक्षारोपण, जो दरअसल पौधा रोपण होता है, इस प्रकृति का और पेड़ों की कटाई से होने वाली पारिस्थितिकी के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती। हसदेव के जंगलों के विनाश के बदले किया जाने वाला कोई भी मानव निर्मित जंगल देश—दुनिया की पारिस्थितिकी को बनाने वाले फेफड़े का निर्माण नहीं कर सकता।

केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक से निकलने वाला कोयला राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को दिया जाएगा। राजस्थान सरकार के अनुसार, उसे अपने कोयला आधारित पावर प्लांटों को चलाने के लिए हर साल लगभग 200 लाख टन कोयले की जरूरत है। लेकिन इससे केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक में उत्खनन का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसकी जरूरत वर्तमान में चल रहे दो कोयला खदानों से पूरी हो जाती है। फिर, राजस्थान सरकार जिस गति से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ा रही है, 6 साल बाद कोयला आधारित बिजली पर उसकी निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाने वाली है।

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जवाब अडानी परस्ती का एक नमूना है। केते एक्सटेंशन का कोयला राजस्थान सरकार की जरूरत के लिए नहीं, बल्कि आदमी की तिजोरी के लिए जरूरी है, जिसने पिछले दस सालों में वर्तमान में चालू दो खदानों से ही 28000 करोड़ रुपयों की कोयला चोरी की है।

# विधायक -डीएम ने नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

प्रतापगढ़। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) एवं 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को विधायक सदर राजेन्द्र

**➤ मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) व समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण,**

कुमार मौर्य, जिलाधिकारी संजीव रंजन, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं नव चयनित अभ्यर्थियों द्वारा देखा एवं सुना गया।

इसी क्रम में जनपद के विकास भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन ने संयुक्त रूप से नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में विधायक सदर एवं जिलाधिकारी द्वारा जी द्वारा 36 ग्राम पंचायत अधिकारी, 11 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) एवं 01 समाज कल्याण पर्यवेक्षक को



नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विधायक सदर ने नव चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि ग्राम पंचायतों की सेवा के लिये आप लोगों का चयन किया गया है, शासन की योजनाओं का पात्र लोगों को दिलाये, लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने नव चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें और ग्राम पंचायतों का विकास करें। सभी नव चयनित अभ्यर्थी अपने कार्यो को ईमानदारी से करें, किसी भी प्रकार का गलत कार्य न करें, अपने कार्यो से ग्राम पंचायतों में अपनी पहचान बनाये। जनपद के 48 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

महिला सशक्तीकरण के अन्तर्गत प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान सहित उन्हें स्वावलम्बी बनाया

प्रतापगढ़। भारतीय संस्कृति में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वे समाज के हर कार्य में हाथ बॅटाती रही हैं। प्राचीनकाल में महिलायें विदुषी, ज्ञानी और सामाजिक व्यवस्था की पोषक रही हैं। महिलाये केवल गृहिणी ही नहीं बल्कि वे राजसत्ता चलाने में भी निपुण रही हैं। आज हमारे देश में महिलायें उद्योग, व्यापार, शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, तकनीकी, फोर्स, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए राष्ट्र की सेवा कर रही हैं। ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कुटीर उद्योगों, गृह उद्योगों कृषि कार्यों आदि में उनका विशेष योगदान है। आज महिलायें हर क्षेत्र में कार्य करते हुए परिवार की आर्थिक बुनियाद मजबूत कर, रहीं हैं, साथ ही राष्ट्र के विकास में सहभागी बन रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश की महिलाओं की सशक्तीकरण व सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और रोजगार से लगाने की जो संकल्पना की थी वह पूरी कर रहे हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के चतुर्दिक विकास के लिए अनेक योजनायें संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं से करोड़ो बालिकायें/महिलायें लाभान्वित हुई और सरकार की योजनाओं की प्रशंसा कर रही है। महिलाओं के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित की गई हैं जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्प लाइन 181, वन स्टाप सेंटर योजना, पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना, महिला शक्ति मोबाइल, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मिशन शक्ति अभियान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत महिलाओं को धुँए से किया गया मुक्त, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को भी मिला रोजगार, बी.सी. बैंकिंग कारेस्पाडेंट सखी, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाया है। आज प्रदेश के चतुर्दिक विकास में महिलायें भागीदार बनी हुई हैं।

## देश के विकास में महिलाओ की अहम भूमिका

जौनपुर (आरएनएस)। कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से सम्बंधित मिशन शक्ति अन्तर्गत महिला किसान दिवस आयोजित किया गया। महिलाओं को सम्बोधित करती हुई मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि पहले महिलाएं कमजोर हुआ करती थी किन्तु सरकार मिशन शक्ति अन्तर्गत उन्हें अब विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर स्वावलंबी बना रही है, महिलाएं विकासशील देश की अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन्हें इनके अधिकारों और अवसरों से बंचित करने का अर्थ बच्चों और समाज के लिए वेहतर भविष्य से इनकार करने जैसा है। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि महिलाएं समूह बनाकर प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी हो रही है, मोटा अनाज पैदा कर रही है, मशरूम उत्पादन कर रही है, जिससे स्वास्थ्य भी सही रहेगा और आय भी बढ़ेगी। कृषि वैज्ञानिक डा0 सन्दीप कुमार ने बताया कि महिलाओं की कृषि क्षेत्र में भागीदारी को पहचान एवं बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र में एक महिला वैज्ञानिक तैनात करने का निर्णय लिया है।

महिलाओं को जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा ने औद्यानिक मिशन, कृषि सिंचाई, सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्योग की जानकारी दिया। मुख्य अतिथि द्वारा जनपद की 51 प्रगतिशील महिलाओं को सम्मानित किया गया। संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। अन्त में उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने आभार ज्ञापित किया।

## संक्षेप

### जिलाधिकारी ने डीपीआरओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण कर विभिन्न पत्रावलियों को देखा,



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने डीपीआरओ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर शिकायत पत्रावली, आडिट, डाकबही, डिस्पैच रजिस्टर, पंचायत भवन से सम्बन्धित पत्रावली, अन्त्येष्टि स्थल, सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक, हाजिरी रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया। पत्रावलियों के कार्यो में लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग के बाबू दिवाकर शुक्ला को कड़ी फटकार लगायी निर्देशित किया कि पत्रावलियों के कार्यो में लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि अनुपालन आख्या का अलग रजिस्टर बनाया जाये जिसमें सारी सूचनायें अंकित की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों द्वारा सत्यापन की जांच लम्बित है उन अधिकारियों से वार्ता कर एक सप्ताह के अन्दर जांच रिपोर्ट प्राप्त करें, यदि जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में नहीं देते है तो सम्बन्धित अधिकारी को पत्र जारी किया जाये। जिलाधिकारी ने जन सूचना की पत्रावलियों को देखा और निर्देशित किया कि जन सूचना की रिपोर्ट निर्धारित समय में लोगों को उपलब्ध करायी जाये। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे उपस्थित रहे।

### प्रवेश को करें आवेदन

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देश के अनुपालन में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अलाभित समूह व दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी के लिए प्रथम चरण 1 से 19 दिसम्बर तक आवेदन पत्रों का सत्यापन, 20 दिसम्बर से 23 दिसम्बर, लॉटरी 24 दिसम्बर को निकाली जायेगी। सूची 27 दिसम्बर को जारी होगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में आवेदन की तिथि 1 से 19 जनवरी 2025 तक सत्यापन, 20 से 23 जनवरी तक लॉटरी निकालने की तिथि 24 जनवरी, प्रवेश सूची 27 जनवरी को जारी की जायेगी। तृतीय चरण के लिये आवेदन 1 से 19 फरवरी तक, सत्यापन 20 से 23 फरवरी, लॉटरी निकालने की तिथि 24 फरवरी व प्रवेश सूची 27 फरवरी को जारी की जायेगी। चतुर्थ चरण के आवेदन की तिथि 1 से 19 मार्च तक सत्यापन 20 से 23 मार्च तथा लॉटरी निकालने की तिथि 24 मार्च और प्रवेश सूची 27 मार्च को जारी की जायेगी।

### लगाएं सोलर रूफटॉप पावर प्लांट

चित्रकूट। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के अन्तर्गत निजी घरो पर सोलर रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कर विद्युत बचत करने के सम्बन्ध में शासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद में बारह हजार घरो को अच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग के निर्देश के क्रम में नगर पालिका व नगर पंचायतो को लक्ष्य आवन्टित किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओ को योजना के सम्बन्ध मे जानकारी देकर अच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

### समिति की हुई त्रैमासिक बैठक

सोनभद्र(आरएनएस)। जिलाधिकारी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी रोहित यादव की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह टास्क फोर्स एवं बाल कल्याण समिति के कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें मुख्यतः देखभाल एवं संरक्षण के जरूरतमंद वाले बालकों का चिन्हीकरण तथा उनके पुनर्वासन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रोबेशन अधिकारी प्रशासनिक इन्द्रावती देवी द्वारा पूर्व में की गई बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गयी।इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य योजना, देखभाल एवं संरक्षण वाले बच्चों के पुनर्वासन में सहायतित विशेष विधि (किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट) का अनुपालन, मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना, दत्तक ग्रहण तथा बाल देखरेख संस्थाओं में आवासित बच्चो के शिक्षा,सुरक्षा, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई, स्पॉन्सरशिप योजनान्तर्गत पात्र सभी बच्चों को नियमानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दियें गये, उन्होंने प्रोबेशन अधिकारी को जनपद में संचालित बाल संरक्षण संस्थाओं का समिति द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को बाल श्रम से मुक्त कराये गये बच्चों का नियमानुसार पुनर्वासन कराने तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण तथा ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का नियमित रूप से बैठक कराने के निर्देश दियें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, जिला क्रिडा अधिकारी, एसीएमओ, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सुमन, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अध्यक्षध्सदस्य बाल कल्याण समिति,संरक्षण अधिकारी, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई, रहे।

## समृद्धि साहू प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय

जौनपुर (आरएनएस)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज में बीकॉम के विद्यार्थियों द्वारा यूथ पार्लियामेंट तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या मे विद्यार्थियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में विभागाध्यक्ष व्यावसायिक अर्थशास्त्र प्रो मानस पाण्डेय ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में सार्वजनिक विकास होता है। उन्हें देश के सामाजिक मुद्दों को समझने में मदद मिलती है । विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न सत्ताधारी एवं प्रतिपक्षी नेताओं के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करते हुए बहस में प्रतिभाग किया । यहां कोई प्रधानमंत्री , कोई गृह मंत्री , कोई रक्षा मंत्री , कोई नेता , प्रतिपक्ष बना हुआ था । कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र प्रतिभागियों ने अपनी बातों को बड़ी मुख्यता से प्रस्तुत किया , ये मुद्दे देश की तत्कालीन परिस्थितियों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने जिन मुद्दों पर अपनी बाते रखीं थी सभी मुद्दे बहुत ही समसामयिक एवं ज्वलंत है। इसमें प्रमुख रूप में नई शिक्षा नीति का अनुपालन वर्तमान शिक्षा की स्थिति, महिला सशक्तिकरण, बेरोजगारी देश की वित्तीय स्थिति भारत सरकार का विभिन्न मुद्दों, देश की सुरक्षा आदि रहे। बीकाम आनर्स के डॉ. आशुतोष सिंह ने विद्यार्थियों के प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। इसमें प्रमुख रूप से उमंग श्रीवास्तव, इशिता श्रीवास्तव, रजत अग्रहरि, रहे।

## बाल श्रम कराने पर होगी कठोर कार्रवाई

प्रतापगढ़। मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत संचालित आपरेशन मुक्ति के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन, मानव तस्करी एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान में वन स्टाप सेंटर से मैनेजर नीरजा कुमारी, थाना ए0एच0टी0यू0 प्रभारी संजय सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। अभियान के दौरान दुकानदारों, होटलो, ढाबों, आदि को चेक किया गया जिसमे जांच के दौरान दुकानो एवं ढाबों पर कोई बच्चा नहीं मिला तथा बच्चों से भविष्य में बाल श्रम न कराने के संबंध में सेवायोजकों को हिदायत दी गई कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों (नाबालिग बच्चों) से बाल श्रम कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं नाबालिक बच्चों से बाल मजदूरी न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गऐ इस दौरान जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमे आम जनमानस को बच्चों के अवैध परिवहन एवं मानव तस्करी को रोकने हेतु जागरूक किया गया तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 102, 112, 1090, 1098, 181, 1076 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।





## हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

चित्रकूट (आरएनएस)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को निर्माणधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन में पुताई आदि का कार्य प्रगति पर पाया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था भवन खंड लोक निर्माण विभाग बांदा को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समय पर गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता भवन खंड लोक निर्माण विभाग बांदा मौजूद रहे।

## तृतीय सोपान जांच एव प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

चित्रकूट। भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में जनपद स्तर पर तृतीय सोपान जांच एव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रथम, द्वितीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ सोमवार को श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी में ६ वज शिष्टाचार के साथ हुआ। प्रथम दिवस स्काउट और गाइड को टोली को स्काउट गाइड का इतिहास, सिद्धांत, नियम व प्रतिज्ञा आदि का ज्ञान कराया गया। अनुशासन व शिष्टाचार का पाठ भी पढ़ाया। इस अवसर पर जिला ट्रेनिंग कमिश्नर मोहनलाल दीन, जिला संगठन कमिश्नर प्रेमचंद सिंह, शहनाज बानो, जिला सचिव सुरेश प्रसाद सहित जिला ट्रेनिंग काउंसलर हरिहरनाथ सिंह, अर्चना यादव, राजेश कुमार सिंह, रहे।

## आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल

जौनपुर (आरएनएस)। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर (मंगरमु) गांव में बीडीसी के पुत्र विवेक का शव बुधवार की रात में घर पहुंचे ही गांव में कोहराम मच गया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जब पता चला कि आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा तो इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। मौके पर सीओ मड़ियाहूं, सीओ मछलीशहर समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया। रातभर पंचायत चली लेकिन नतीजा शून्य रहा। गुरुवार को भी शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए पुलिस मान–मनौव्वल करती रही, लेकिन परिजन व गांव वाले तैयार नहीं हुए पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और इलाके को सील कर दिया। गांव वालों के अलावा किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। पुलिस और गांववालों की बात चल ही रही थी कि भीड़ से किसी ने एक पत्थर फेंक दिया। इसके बाद पूरा मामला ही बिगड़ गया। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को देते हुए आस–पास के थानों से और फोर्स बुला ली गई और 500 मीटर दूर ही मीडियाकर्मियों को भी रोक दिया गया। कुछ देर बाद सड़क बनाने के लिए पड़े बड़े–बड़े पत्थर को ग्रामीणों ने पुलिसवालों पर फेंकना शुरू किया। पत्थर इस तरह से फेंके जा रहे थे जैसे आसमान से ओले पड़ रहे हो।इस बीच कई पत्थर पुलिसकर्मियों को लगे जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पीठ पर, सीओ मड़ियाहूं के हाथ पर और आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को पत्थर लगे, जिससे वह घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक की गाड़ी का शीशा भी पत्थर लगने से टूट गया। मीरगंज थाने की गाड़ी का भी शीशा तोड़ दिया है। एडीओ पंचायत मुन्नी लाल द्वारा दर्जनों कर्मियों को लेकर सड़क पर बिखरे पत्थरों को एकत्रित किया गया। इसी बीच जिन दुकानों में पुलिस जान बचाकर भागी थी उन्हें भी उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। दो प्लाटून पीएसी भी बुलाई गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ को शांत करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। 5 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इस दौरान पूरा बाजार बंद है। लोग अपने–अपने घरों में बंद है। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, लोग डरे हुए हैं। इधर पुलिस सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्धों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भेज दिया गया है। स्थिति सामान्य है।

## देश के स्वर्णिम भविष्य के मार्गदर्शक थे कलाम

जौनपुर (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में अल्फस्टीनगंज स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मिसाइल मैन के नाम से विश्व विख्यात भारत के राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।उपस्थित सपा जनों ने डॉक्टर कलाम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके योगदान पर चर्चा कराई गई। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम भारतीय मिसाइल प्रोग्राम के जनक कहे जाते हैं। जब कलाम ने देश के सर्वोच्च पद यानी 11वें राष्ट्रपति की शपथ ली थी तो देश के हर वैज्ञानिक का सर फख्र से ऊंचा हो गया था। वे श्मिसाइलमैनश् और श्जनता के राष्ट्रपतिश् के रूप में लोकप्रिय हुए। पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, ने कहा कि केंद्रीय मंत्री पद के साथ–साथ तमाम तरह के प्रलोभनों ने कलाम साहब को अपने लक्ष्य से भटकने नहीं दिया उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनना है।

## मृतक व्यापारी की पत्नी को दिया दस लाख का चेक

चित्रकूट(आरएनएस)। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को सभाकक्ष में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी आरती पांडेय बरमबाबा ट्रेडर्स को दस लाख रुपए का चेक दिया। उपायुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पंजीकृत व्यापारी स्व राजाराम फर्म स्वामी बरमबाबा ट्रेडर्स इलाहाबाद रोड शिवरामपुर की मृत्यु 18 दिसंबर 2023 को हुई थी। बीमा दावे के संबंध में शासन द्वारा बीमित धनराशि दस लाख रुपए स्वीकृत की गई थी। जिसका चेक डीएम ने मृतक की पत्नी को दिया है।




## इंडियन रेड क्रॉस सोसयटी ने वितरित किये किट

सुलतानपुर(आरएनएस)। दुर्गा पूजा के विसर्जन शोभायात्रा के दौरान इंडियन रेड क्रास सोसयटी द्वारा सीताकुंड घाट पर निःशुल्क चिकत्सा कैम्प लगा कर प्राथमिक उपचार हेतु दवाइयों के वितरण



के साथ नगर पालिका के सफाईकर्मियों को हाइजेनिक किट का वितरण नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज व समाजसेवी तथा सुप्रसिद्ध चिकित्स्कों द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव, समाजसेवी बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुधाकर सिंह, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी जनपद सुल्तानपुर के सचिव जय प्रकाश शुक्ल मीडिया प्रभारी किशन पाठक, डॉक्टर चन्द्रभान सिंह अध्यक्ष आपदा प्रबंधन समिति तथा रक्त जीवन सुरक्षित सीमित के अध्यक्ष श्री देवेंद्र मिश्रा, स्वयं सेवक सिद्धार्थ, शत्रुघन यादव, प्रीति साहू, दीपिका सिंह वॉलिंटियर सुनिधि शुक्ला, जहान्वी शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतरात्मा से परिचय कराती है श्रीमद् भागवत

सुलतानपुर। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण खुद से खुद का परिचय करने की कथा है बाहर का परिचय तो सभी जानते हैं पर अंतरातमा का परिचय 7 दिन की भागवत कथा में हो जाता है। परमात्मा से जीवात्मा के संबंधों की चर्चा ही श्रीमद् भागवत महापुराण का सार है इसके श्रवण मात्र से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है उपरोक्त वचन कुड़वार क्षेत्र के पूरे लेदई ग्राम सभा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस की कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने कही। भाजपा नेता पंडित रामचंद्र मिश्रा के आवास पूरे लड़ाई में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा के प्रथम दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास देवी चित्रलेखा ने व्यास पीठ पर पहुंचकर व्यास पीठ को प्रणाम करते हुए श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। यहां रामचंद्र मिश्रा, राम धीरज मिश्रा, राम अवध मिश्रा, राम मूरत मिश्रा राम अचल मिश्रा, चिरंजीव मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रदीप शुक्ला आदि ने परिवार समेत देवी चित्रलेखा का भव्य स्वागत किया। यहां देवी चित्रलेखा ने कहा जिस प्रकार कमल के फूल के सुगंध को बहुत दूर से भँवरा पहचान कर उसके पास आ जाता है वही मेंढक पास रहकर भी कमल की खुशबू से वंचित रहता है। इस प्रकार जिस भक्त के अंदर भाव होगा वही सच्चिदानंद के करीब जाएगा और भागवत कथा व ईश्वर का स्नेह उसे ही प्राप्त होगा। भक्ति सब के भीतर विद्यमान है पर उसका उपयोग न करने से वह पीछे हो जाती है जीवन मे एक बार मुरली वाले को रिझा लिया उसे मना लिया तो जीवन सफल रहा। संत जनों का सत्संग भक्ति और भजन का मार्ग सभी को दया निधान के करीब ले जाएगा यही रास्ता सुखदेव जी ने सुनकादि ऋषियों को बताया है। देवी चित्रलेखा की प्रथम दिवस की कथा सुनने के लिए क्षेत्र वासियों की भारी भीड़ उमड़ी शुभम मिश्रा सुजीत मिश्र गोकुल प्रसाद पांडे,महावीर प्रसाद अमित सिंह सुरेश यादव आदि आगंतुकों की व्यवस्थाओं में लगे रहे।

## पत्थर की खदान में घायल मिली किशोरी

डालाध्सोनभद्र(आरएनएस)। स्थानीय। थाना क्षेत्र के खदान में घायल अवस्था में 13 वर्षीय किशोरी मिली। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि पीड़िता के गांव के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की और असफल होने के बाद बंद पड़ी पत्थर खदान में ढकेल दिया। घटना की जानकारी होने के बाद नाबालिग किशोरी को अस्पताल मे इलाज के लिए ले जाया गया। तहरीर के आधार पुलिस अस्पताल में पीड़िता व परिजनों से मिलकर घटना का विवरण लिया।पुलिस ने बताया कि संदर्भित प्रकरण में पीड़िता के पिता द्वारा थाना चोपन पर मार–पीट की घटना के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी है। फिर भी घटना की गहनता से चोपन पुलिस जांच कर रही है सपरिजनों की माने तो घटना उस समय घटित हुई जब पीड़िता बीती रात ओबरा सेक्टर 09 से रामलीला देखकर घर लौट रही थी। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने किशोरी को देखा और बाकी लोगों को घटना की जानकारी दी गई। घायल पीड़िता को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया।

